तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 28 जून 2025



4 शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है : अटामी





4 ओबीसी महासभा ने 23 सूत्रीय मांगों पर सौंपा ज्ञापन






## खबर संक्षेप

### पीएससी मुख्य परीक्षा का आयोग सदस्य ने किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीएससी मुख्य परीक्षा का परीक्षा केंद्र जगतू महरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर में लोकसेवा आयोग के सदस्य डॉ. प्रवीण वर्मा के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर सीपी बघेल, परीक्षा के नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा भी उपस्थित थे।

### विधानसभा सत्र की जानकारी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा की षष्ठम सत्र 14 जुलाई से 18 जुलाई तक को मददेनजर रखते हुए कलेक्टर हरिस एस द्वारा उक्त अवधि में विधानसभा से संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने के लिए अपर कलेक्टर सीपी बघेल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। डिप्टी कलेक्टर सुश्री हीरा गवर्ना को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### अधिक राशि में खाद बेचने पर गुप्ता कृषि केन्द्र पर प्रतिबंध

**जगदलपुर।** लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र में कुछ विक्रेताओं द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक राशि में खाद का विक्रय संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर क्षेत्र के किसान सेवा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें मेसर्स संतोष कुमार गुप्ता कृषि केन्द्र के उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लोहण्डीगुड़ा से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार उक्त शिकायत के संबंध में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को निर्देशित किया गया। 18 जून को उक्त प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर वीडियो में प्रदर्शित कृषकों से बयान लेकर सही पाये जाने पर गवाहों की मौजूदगी में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के निहित खण्ड-3 के उल्लंघन के फलस्वरूप खंड 28 (2) के तहत तत्काल प्रभाव से 21 दिनों के लिए उक्त मेसर्स संतोष कुमार गुप्ता कृषि केन्द्र को उर्वरक विक्रय प्रतिबंध लगाया गया है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी



**जगदलपुर।** शहर के विभिन्न वार्डों के सभी सड़कों एवं गलियों के किनारे वन विभाग की ओर से पौधरोपण किया जा रहा है। शहर के प्रतापगंज में पौधारोपण के दौरान परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संतुलन से ही मानव सुरक्षित एवं खुशहाल रहेगा। मानव जीवन पूर्ण रूप से स्वस्थ तभी होगा जब कदम-कदम पर पौधे लगाए जाएंगे। पौधरोपण जीवन के लिए बेहद जरूरी है। लोग अब अपने किसी खास दिन को यादगार बनाने के लिए पौधे लगा रहे हैं। कोई पौधरोपण कर अपना जन्मदिन मना रहा है, तो कोई अपनी शादी की सालगिरह पर पौधा रोप रहा है, लेकिन पौधा लगाना ही काफी नहीं है। समुचित देखभाल भी की जानी चाहिए, ताकि वे वृक्ष बन सकें।

# तेलंगाना के कोठागुडेम से किरन्दुल तक नई रेल लाइन की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

तेलंगाना के कोठागुडेम से बस्तर के किरन्दुल तक नई रेल निर्माण की दिशा में सर्वे कार्य की स्वीकृति दी गई है। साथ ही किरन्दुल से गढ़चिरौली महाराष्ट्र तक नई रेल लाइन का सर्वे कार्य सम्मलित है।

प्रस्तावित 160.33 किमी लंबी नई रेललाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे कार्य को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद सर्वे अब अंतिम चरण में है। इस प्रस्तावित रेललाइन का 138.51 किमी हिस्सा छत्तीसगढ़ के सुकमा,दंतेवाड़ा और बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरेगा,जो अब तक रेल कनेक्टिविटी से वंचित रहे हैं।


परियोजना न केवल आवागमन को सरल बनाएगी,बल्कि इन जिलों के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। रेलवे द्वारा अत्याधुनिक लिडार तकनीक के माध्यम से सर्वे कार्य किया जा रहा है। यह रेललाइन परियोजना गृह मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से मॉनिटर की जा रही है। इसे आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारतीय रेल विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया गया है, जिनके निर्देशों और समन्वय से यह सर्वे कार्य पुनः गति पकड़ सका। यह रेलमार्ग भविष्य में बस्तर अंचल के लिए सुरक्षा,समावेशन और समृद्धि का प्रतीक बनने जा रहा है।

**160 किमी में 138 किमी हिस्सा बस्तर के नक्सल क्षेत्र में सम्मिलित :** कोठागुडेम और किरंदुल के बीच नई रेल लाइन के लिए सर्वे का काम अंतिम चरण में है। यह रेल लाइन 160.33 किलोमीटर लंबी होगी और इसका ▶▶| शेष पेज 2 पर

## नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की नई रेखा, अंतिम चरण में पहुंच रहा रेल सर्वे

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की प्रतीक होगी रेल लाइन

यह परियोजना आंतरिक सुरक्षा और क्षेत्रीय विकास दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। इससे सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जैसे जिलों में रेल कनेक्टिविटी स्थापित होगी। यह रेल लाइन यात्रियों को विशाखापट्टनम तक सीधी रेल सेवा प्रदान करेगी। सर्वेक्षण टीम ने अभी सर्वेक्षण शुरू किया है, और विस्तृत जानकारी सर्वे पूरा होने के बाद ही उपलब्ध होगी। इस परियोजना को गृह मंत्रालय द्वारा भी मॉनिटर किया जा रहा है। इस रेल लाइन के निर्माण से इन क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।




### रेल लाइन का अंतिम चरण में सर्वे

इस प्रस्तावित रेललाइन का 138.51 किमी हिस्सा छत्तीसगढ़ के सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरेगा,जो अब तक रेल कनेक्टिविटी से वंचित रहे हैं। यह परियोजना न केवलआवागमन को सरल बना। नक्सलगढ़ बस्तर में दौड़ेगी विकास की रेल, सुकमा से बीजापुर तक होगी। तेलंगाना के कोठागुडेम से किरंदुल तक बिछेगी रेल लाइनः कोठागुडेम से किरंदुल तक नई रेल लाइन को लेकर भारतीय रेलवे की तरफ से कार्य तेज कर दिया गया है. 160.33 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे कार्य किया जा रहा है।

## बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव ने तीनों रथों में छेरापहरा विधान में लगाया झाड़ू

# भक्तों को दर्शन देने श्री मंदिर से निकले जगत के नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शुक्रवार को शुभ मुहर्त में जगन्नाथ महाप्रभु, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा को रथारूढ़ कर सुसज्जित रथ में नगर परिक्रमा कराई गई। इससे पूर्व श्री मंदिर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, सांसद महेश कश्यप, महिला आयोग की प्रदेश अध्यक्ष किरणमयी नायक, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल व 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों की मौजूदगी में महाप्रभू की पूजा अर्चना की गई। इसके उपरांत बस्तर महाराजा कमलचन्द्र भंजदेव ने तीनों रथों में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और भगवती माता सुभद्रा को रथारूढ़ करने के बाद छेरापहरा पूजा विधान के तहत मार्ग में झाड़ू लगाया तत्पश्चात रथ परिक्रमा शुरू कर गोंचा महापर्व धूमधाम से मनाया गया। 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के तत्वावधान में 600 वर्षो से अधिक समय से यह महापर्व मनाया जा रहा है जिसमे विभिन्न समाज की सहभागिता रहती है। सिरहासार के सामने स्थित श्री मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, भगवती सुभद्रा देवी के विग्रहों की सुबह मंगला आरती की गई। मंगला आरती के बाद दशावतार पूजन हुआ के साथ ही सूर्य पूजा और ▶▶| शेष पेज 2 पर

- गोंचा महापर्व में जगन्नाथ महाप्रभु, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा को रथारूढ़ कर की गई परिक्रमा



### तुपकी से दी सलामी

रथयात्रा के दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन व रथयात्रा में शामिल होने पहुंचे थे। रथयात्रा के दौरान आगे धार्मिक सांस्कृतिक दल, कीर्तन मंडली ढोल, मंजीरा बजाते हुए चल रहे थे। इस दौरान तुपकी से भगवान को सलामी देने भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। रथयात्रा सिरहासार स्थित जगन्नाथ मंदिर से गोल बाजार, जय स्तम्भ चौक, मिताली चौक व दन्तेश्वरी मंदिर चौक होते हुए सिरहासार स्थित गुंडिचा मंदिर पहुंची। इस दौरान युवा, बच्चे व महिलाएं तुपकी लेकर एक दूसरे पर मारते महापर्व का आनंद लेते नजर आए। रथ परिक्रमा गोल बाजार, जय स्तम्भ चौक, मिताली चौक, दन्तेश्वरी मंदिर चौक होकर गुंडिचा मंदिर पहुंची। जहां भगवान के समस्त 24 विग्रहों को विराजित किया गया। शुक्रवार से पूरे 9 दिनों तक भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और भगवती सुभद्रा गुंडिचा मंदिर में भक्तों को दर्शन देंगे।





### गोंचा गुड़ी का शुभारंभ

बस्तर गोंचा महापर्व पर आज नगर पालिक निगम द्वारा तैयार नगर गौंचा गुड़ी का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, सांसद महेश कश्यप ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था की गई थी। सैकड़ों जवानों को पूरे इलाके में तैनात किया गया था।

### सिरहासार में 9 दिन तक होगा धार्मिक कार्यक्रम

गोंचा महापर्व समिति के अध्यक्ष चिंतामणी पांडे ने बताया कि वर्ष में एक बार भक्तों को दर्शन देने भगवान श्री मंदिर से निकल कर जनकपुरी (मौसी मां) मंदिर में जाते है। पूरे विश्व में जगन्नाथ अकेला ऐसा मंदिर है जहां मुख्य विग्रह (प्रतिमा) गर्भ गृह से निकलकर 9 दिनों तक जनकपुरी मंदिर में भक्तों को दर्शन देते हैं। 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने बताया 9 दिनों तक समाज के विभिन्न ग्रामों से जजमानों के द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन जनकपुरी में किये जायेंगे। कार्यक्रमों में 30 जून को अखण्ड रामायण पाठ, 1 जुलाई को हेरापंचमी, 2 जुलाई को छप्पन भोग अर्पण, 4 जुलाई को सामूहिक उपनयन संस्कार, 5 जुलाई को बाहुड़ा गोंचा रथयात्रा व कपाट फेड़ा रस्म तथा 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी के साथ महापर्व का समापन होगा।

## वनभूमि पर कब्जा करने वालों की खैर नहीं, अतिक्रमण हटाने हो रही कार्रवाई




**जगदलपुर।** वन भूमि पर अतिक्रमण को हटाने के लिए वन विभाग सर्चिंग कर रहा है। वन विभाग ने अवैध रूप से वन भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और अतिक्रमण हटाने के लिए कार्यवाही की जा रही है। वन विभाग द्वारा की जा रही इस कार्रवाई में, वन भूमि से अतिक्रमण को हटाने के लिए सीमांकन भी किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा अतिक्रमणकारियों को समझाइश दी जा रही है और अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मई माह में दंतेवाड़ा, बस्तर, बीजापुर एवं सुकमा जिले में वन भूमि पर अतिक्रमण से 37 प्रकरण दर्ज किए और 107 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जून माह में बस्तर जिले में 9 ट्रैक्टर, नागर जप्त एवं 29 आरोपियों को जेल भेजा गया। इसके बाद भी चारों जिलों में वन अधिकारी ▶▶| शेष पेज 2 पर

- अधिकारी व मैदानी कर्मचारी वन भूमि में कर रहे सर्चिंग

### अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई जारी

वन भूमियों पर अवैध कब्जा के खिलाफ वन विभाग के द्वारा कार्रवाई किया की जा रहा है। इस अतिक्रमण अभियान की शुरूआत हो चुकी है और बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर जिले भर में इसी प्रकार से अवैध तरीके से वन भूमि पर किए गए अतिक्रमणों के खिलाफ आगे कार्रवाई भी जारी रहेगी।

## मां छिंदवाली महाकाली मंदिर की निकाली कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में शुक्रवार को मां छिंदवाली महाकाली मंदिर श्रद्धालुओं की महिलाओं की कलश शोभायात्रा निकाली गई। मोतीतालाब पर स्थित मां छिंदवाली महाकाली मंदिर में आयोजित सात दिवसीय पंच कुंडीय रूद्र चंडी महायज्ञ के लिए शुक्रवार दोपहर इंद्रावती नदी का पवित्र जल कलशों में भरकर यज्ञशाला लाया गया। इन कलशों को मां महाकाली के सामने रखने के बाद ही अन्य विधान प्रारंभ हुए। इस अनुष्ठान को संपन्न करने के लिए असम से 11 वैदिक पंडितों को आमंत्रित किया गया है। शुक्रवार से 3 जुलाई तक चलने वाले रूद्र चंडी महायज्ञ का आयोजन मां छिंदवाली महाकाली मंदिर समिति द्वारा किया गया है। शुक्रवार की दोपहर 50 कलशों में महादेव घाट से इंद्रावती नदी का पवित्र जल भर कर मंदिर लाया गया, यह कलश शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से निकली। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और वैदिक पंडित शामिल हुए। कलश यात्रा के बाद मंदिर में पंच कुंडी रूद्र चंडी यज्ञ की विधिवत शुरूआत की गई है, मंडप पूजन किया गया। उसके बाद चंडिका पाठ तत्पश्चात यज्ञ में आहुतियां प्रारंभ हुईं।

**सामूहिक रुद्राभिषेक आज :** मां छिंदवाली महाकाली मंदिर में शनिवार को सुबह 11.36 बजे मंडल पूजन, दोपहर 2 बजे सामूहिक रुद्राभिषेक, दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक चंडी पाठ तथा नियमित हवन पूजन किया जाएगा।

- असम से 11 वैदिक पंडितों को बुलाया गया, कर करे विधिविधान से





## परीक्षा में अनुपस्थित अधीक्षकों का कटेगा एक दिन का वेतन

**कोंटा।** जिले के नव नियुक्त एवं अन्य अधीक्षकों के लिए आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण में बिना सूचना अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। जिसमें प्रभारी अधीक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित पाये गये। जिसमें कोंटा विकासखंड में पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास गोलापल्ली से सघुन राम मण्डावी, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास दोरनापाल से अरविन्द बघेल, पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास दोरनापाल से सदाराम मण्डावी, प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास जगरगुण्डा से दुर्गात्री यादव, बालक आश्रम किस्टाराम से माड़वी मासा, कन्या आश्रम मिलमपल्ली से फागमती खोटे शामिल है। सभी अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था किन्तु उनके द्वारा प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं पाए गए। इस पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आदिवासी विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग को उपरोक्त कर्मचारियों के एक दिन का वेतन अवैतनिक करने के निर्देश दिए हैं।

## 1.15 करोड़ की ठगी, मास्टर माइंड समेत 2 स्टेट के 3 शातिर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सायबर फ्रॉड करने वालों पर नकेल कसते हुए बस्तर पुलिस ने दो स्टेट के तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है जो एपीके फाईल तथा ई-मेल हैक कर रकम उड़ाने में माहिर थे। बस्तर पुलिस ने मुम्बई तथा जामताड़ा झारखण्ड से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मास्टर माइंड अब्दुल मजीद भी शामिल है जिससे दर्जनों एटीएम पासबुक एवं नगद रकम बरामद किया है। मामले का सरगना आरोपी अब्दुल मजीद इससे पूर्व डकैती में मुरसीदाबाद तथा सायबर फ्रॉड के मामले में अंधेरी मुम्बई से गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके खिलाफ अलग-अलग राज्यों से 46 से अधिक शिकायत दर्ज की जा चुकी है।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने प्रेसवार्ता में बताया कि प्रारंभ्भिक जांच में अलग-अलग राज्यों से 1 करोड़ 15 लाख 77 हजार 5 रुपए की धोखाधड़ी की जानकारी का पता लगा है। आरोपियों से जब्त बैंक खातों में अलग-अलग राज्यों से 46 से अधिक शिकायत दर्ज है। वहीं मुम्बई से गिरफ्तार आरोपियों से लगभग 150 बैंक खातों का उपयोग आरोपी अब्दुल मजीद ने सायबर अपराध में किया है यह सभी बैंक खाते आजमगढ़ उतरप्रदेश में खोले गए है। गिरफ्तार आरोपियों में अब्दुल मजीद 45 साल निवासी ग्राम पोखरिया, थाना नारायणपुर जिला जामताड़ा झारखण्ड के अलावा ग्राम भगवतीपुर, ठेकमा बाजार थाना बरदा जिला आजमगढ़ यूपी निवासी कार्तिकेय राय उर्फ सत्यम 20 वर्ष व संतोष कुमार 41 वर्ष शामिल है। पत्रवार्ता के दौरान एसपी के ▶▶| शेष पेज 2 पर

- आरोपियों को मुम्बई व झारखण्ड के जामताड़ा से गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

### इन राज्यों में 116 फर्जी खाता खुलवाकर की गई 1.15 करोड़ की ठगी

आरोपी कार्तिकेय राय उर्फ सत्यम व संतोष कुमार के पंजाब नेशनल बैंक के खाते में बिहार, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात तथा समर्थ सहकारी बैंक के खाता में आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, पंजाब, उत्तरप्रदेश, वेस्ट बंगाल, छत्तीसगढ़ तथा उत्तराखंड के अलावा केनरा बैंक के खाते में वेस्ट बंगाल, बिहार, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश तथा छत्तीसगढ़, फेडरेल बैंक के खाते में गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश में सायबर फ्रॉड की कुल 46 शिकायतें दर्ज है। जिसमें 1.15 करोड़ से अधिक की ठगी का पता लगा है।

## कांग्रेस जांच दल पहुंचा इरपागुट्टा गांव, मामले की न्यायिक जांच कराई जाएः लखेश्वर

# पीड़ित परिवार के सदस्य को नौकरी एवं एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कांग्रेस का आठ सदस्यीय जांच दल बस्तर के विधायक लखेश्वर बघेल के संयोजकत्व एवं सदस्य बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी, भानुप्रतपुर के विधायक सावित्री मंडावी, चित्रकोट के पूर्व विधायक राजमन बेंजाम, कांग्रेस नेता छवीन्द्र कर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे आदि फरसेगढ़ पहुंचा। बीते 6 जून को फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम इरपागुटा निवासी महेश कुड़ियम के पुलिस नक्सली मुठभेड़ में मारे जाने की घटना की जानकारी परिवारजन और ग्रामीणों से ली गई।

महेश कुड़ियम की पत्नी सुमित्रा कुडियम और उसके परिवार वाले व गांव वालों ने कांग्रेस के जांच दल को बताया कि 6 जून को पति बैलगाड़ी से जलाऊ लकड़ी जंगल से लेकर अपने घर आया। उसके बाद गांव के ही पास के तालाब से वह भैंसे लेने गया था उसके बाद वापस नहीं लौटा। बहुत देर तक वह वापस घर नहीं आया तो परिवार के अन्य लोग परेशान होकर उसे ढूंढने गए। उसके बाद एक व्यक्ति रास्ते में मिला जो भोपालपटनम से आरेपल्ली आ रहा था उसने बताया कि महेश कुडियम को पुलिस वालों के द्वारा हाथ पैर बाँधकर पेड़ के नीचे बिठा रखे हैं। फिर दो दिन बाद पता लगाने बीजापुर थाना कोतवाली आए तो पुलिस वाले फोटो दिखाए। तब पता चला कि वह पुलिस नक्सली मुठभेड़ में मारा गया है। परिजन और ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कांग्रेस के जांच ▶▶| शेष पेज 2 पर



### न्यायिक जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो

प्रेसवार्ता में मृतक महेश कुड़ियम की पत्नी सुमित्रा कुडियम ने कहा कि उसके छोटे छोटे सात बच्चे हैं मैं उनका पालन पोषण कैसे करूँ मेरे पति जो प्राथमिक शाला इरपागुट्टा के सरकारी स्कूल में रसोइया के पद पर कार्यरत थे उसे पुलिस वालों ने नक्सली बता कर हत्या कर दिए है। इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच हो और जो भी दोषी है उस पर कार्रवाई की जाए साथ ही पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाये। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने कलेक्टर बीजापुर को एक ज्ञापन भी सौंपा है। इस दौरान पीड़ित परिवार और ग्रामीण व कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 4 प्रकरणों में 16 लाख की आर्थिक सहायता राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित के 4 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा कोण्डागांव तहसील के ग्राम पलारी निवासी बुधराम मरकाम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी राजकुमारी मरकाम को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम जामपदर निवासी रोहित की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता मंगलदई सोरी, पिता कमलूराम सोरी को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम चलका निवासी सखाराम कोर्राम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी जयमनी कोर्राम को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कोण्डागांव तहसील ग्राम बयानार सोनधर नेताम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी रनोती नेताम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है।

### जिले में 13 पुलिस अधिकारियों का ट्रांसफर

**फरसगांव।** पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने शुक्रवार दोपहर 12 बजे प्रशासनिक पुनर्गठन के तहत 13 पुलिस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इस फेरबदल के तहत निरीक्षक सौरभ उपाध्याय को सिटी कोतवाली से स्थानांतरित कर थाना बड़ेडोंगर का प्रभारी बनाया गया है। उनकी जगह टामेश्वर चौहान, जो अब तक रक्षित केंद्र में पदस्थ थे, कोंडागांव सिटी कोतवाली की कमान संभालेंगे। इसके अलावा सुशील पटेल थाना माकड़ी से थाना धनोरा, विकास बघेल रक्षित केंद्र से थाना माकड़ी, राजकुमार सोरी थाना धनोरा से रक्षित केंद्र, भुनेश्वर नाग थाना विश्रामपुरी से रक्षित केंद्र, विनोद नेताम थाना बड़ेडोंगर से थाना विश्रामपुरी, राकेश राठौर रक्षित केंद्र से थाना बयानार, रोशन कौशिक चौकी बांसकोट से थाना उरेंदाबेड़ा, नरेश साहू थाना बयानार से चौकी बांसकोट, गोपेन्द्र पटेल थाना ईरागांव से रक्षित केंद्र विकासचंद्र राय रक्षित केंद्र से थाना ईरागांव, अखिलेश धीवर थाना उरेंदाबेड़ा से थाना केशकाल भेजा गया है।

### कांग्रेस ने की दो नए कार्यकारी अध्यक्षों की घोषणा

**कोण्डागांव।** रथयात्रा के शुभ अवसर पर



कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने दो नए कार्यकारी अध्यक्षों की घोषणा की है। ज्ञात हो कि विजय लांगड़े को फरसगांव का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। वहीं कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने बड़े राजपुर ब्लॉक से कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी कमलेश ठाकुर को सौंपी है।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने कटिबद्ध है सरकार : देव

# भारत आधुनिक शिक्षा का विश्व में नया केन्द्र बन गया : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



सांसद महेश कश्यप ने कहा कि हमारा देश सनातन काल से विश्वगुरु रहा है जब हमारे ऋषि-मुनि ज्ञान का अलख समूचे दुनिया में जगा रहे थे। देश में नालन्दा और तक्षशिला जैसे शिक्षा के प्रसिद्ध केन्द्र रहे हैं जहां पूरे विश्व से लोग शिक्षा ग्रहण करने आते थे। वर्तमान में भी भारत आधुनिक शिक्षा का नया केन्द्र बन गया है और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में जरूरत है कि हम सभी अपने भावी पीढ़ी को शिक्षा प्रदान करने के लिए समन्वित होकर सजग दायित्व निभाएं। कश्यप शुक्रवार को जिले के जगदलपुर विकासखण्ड अंतर्गत माड़पाल में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कटिबद्ध है और सभी को शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू किया है, जिससे हर वर्ग के बच्चों को शिक्षा सुलभ कराया जा सके। उन्होंने बस्तर अंचल के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने हेतु समर्पित होकर दायित्व निर्वहन किए जाने शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि बस्तर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बल्कि उन्हें उचित अवसर देकर संवारने की जरूरत है।

इस मौके पर विधायक किरण देव ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिये कटिबद्ध है। इस दिशा में स्कूलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं सहित शिक्षक की पदस्थापना कर पढ़ाई के लिये सभी सुविधाएं मुहैया करवा रही है। इसे ध्यान रखते हुए हम सभी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए समन्वित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने या सरकारी नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व, सोच और समाज में योगदान देने की क्षमता को भी निखारती है। अतएव सभी बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने और उसे निखारने की दिशा में लगातार प्रयास करते रहना चाहिए।

इस दौरान जनपद पंचायत के अध्यक्ष पदलाम नाग ने शिक्षा के उजियारा को चहुंओर पहुंचाने के लिए सभी लोगों से सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया। इस मौके पर अतिथियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर श्री हरिस एस एवं सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर तथा मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया और उन्हें स्कूल बस्ता-गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकें प्रदान किया। साथ ही स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया। वहीं न्यौता भोज में स्कूली बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया, इसके साथ ही स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के शाला प्रबंधन समितियों के पदाधिकारियों सहित जिले में पदस्थ बीईओ-बीआरसी, प्राचार्य और अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों के साथ ही बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में डीएमसी अखिलेश मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

**अंदरूनी इलाकों तक दी जा रही शिक्षा :** जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने स्वागत शाला अप्रवेशी तथा शाला त्यागी बच्चों का स्कूलों में दाखिला संबंधी कार्ययोजना और शैक्षणिक व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि हमारे जिले के विद्यार्थियों ने गत शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। इस सत्र में भी सभी के सहयोग से अंदरूनी ईलाके तक के बच्चों तक शिक्षा सुविधाओं को सुलभ करवाने के लिए सकारात्मक पहल करने सहित बोर्ड परीक्षाओं में आशातीत सफलता हासिल करने का प्रयास किया जाएगा।

# गौमांस के लिए गाय की हत्या, 6 आरोपी गिरफ्तार



**फरसगांव।** जिले के बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र में गौमांस खाने के इरादे से एक गाय की हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तोरन्ड निवासी प्रार्थी नारायण माली ने बड़ेडोंगर थाने में एक लिखित आवेदन देकर बताया कि नीलगिरी प्लांटेशन में गांव के श्यामलाल नेताम और अन्य लोगों द्वारा एक गाय को मारकर खाने के लिए, तैयारियों की जा रही हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए, पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में बड़ेडोंगर थाने की एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने ग्राम तोरन्ड में छापा मारा और मौके से ही माखन लाल नेताम, तुलसीराम सलाम नेताम, निबुलाल नेताम, श्याम लाल नेताम, मनहेर नेताम और सुनहेर नेताम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से एक टंगिया और लोहे का कटारी जब्त किया गया है, जिनका उपयोग गाय को मारने में किया गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बड़ेडोंगर थाना में अपराध क्रमांक 06/2025 धारा- 325 भादवि, छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण संशोधन अधिनियम 2011 की धारा 4, 6, 10 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

■ टंगिया और लोहे की कटारी की गई बरामद

**कार्रवाई में इनका रहा योगदान :** पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी विनोद नेताम, सउनि शिवप्रसाद लकड़ा, प्र.आर. 271 महाराणा प्रताप भूआर्य, आर. 362 मन्नू लाल नवरंग, आर. 412 सुकमन नेताम, आर. 632 यशवंत मरकाम, और आर. 317 शिवन्ती नेताम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कोंडागांव में नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा अभियान को मिली नई दिशा



**कोण्डागांव।** पुलिस द्वारा 12 जून से 26 जून तक चलाए गए नशा मुक्त भारत और यातायात जागरुकता अभियान ने जिलेभर में सामाजिक चेतना की एक नई लहर पैदा की। इस अभियान की अगुवाई पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री देव द्वारा की गई। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों व सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के प्रति जागरूक कर एक स्वस्थ, सुरक्षित और जिम्मेदार समाज की स्थापना करना रहा। कोंडागांव क्षेत्र की विधायक श्रीमती लता उसेंडी ने इस अभियान में न केवल भाग लिया, बल्कि महिलाओं, युवाओं और जनसमूहों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा नशा केवल व्यक्ति नहीं, परिवार और समाज को खोखला करता है। आज हर नागरिक की भागीदारी से हम एक स्वस्थ कोंडागांव का सपना साकार कर सकते हैं। लता उसेंडी ने कई स्थानों पर रैलियों का नेतृत्व किया, स्वयं बच्चों और अभिभावकों से संवाद कर नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। **कलेक्टर ने नशामुक्त जीवन की शपथ दिलाई-** जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने विवेकानंद मुक्ति धाम, उरेंगापारा में आयोजित समापन रैली का नेतृत्व करते हुए उपस्थित हजारों लोगों को "नशामुक्त जीवन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा प्रशासन तभी सफल होता है जब जनसहयोग साथ होता है। यह अभियान समाज के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास है। उनकी सक्रिय भागीदारी से जिलेभर में पुलिस, प्रशासन, सामाजिक संगठनों और जनता के बीच समन्वय का अनोखा उदाहरण देखने को मिला। धार्मिक व सामाजिक स्थलों पर जागरुकता 30 से अधिक गांवों में नशे के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक प्रभावों पर चर्चा की गई। विद्यालयों में छात्र सहभागिता 50 से अधिक स्कूलों में 2000 से ज्यादा विद्यार्थियों को नशे के खतरों और निवारण के उपाय बताए गए। समुदायिक बैठकें समाजसेवी संस्थाओं, मंदिर समितियों, नगरपालिका प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों के साथ 60 से अधिक जागरुकता बैठकें की गईं।

## नपं अध्यक्ष ने जन्मदिन पर किया पौधारोपण

**फरसगांव।** नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने अपने जन्मदिन के अवसर पर मणि कंचन केंद्र फ़रसगांव में स्वच्छता दीदियों के साथ पौधारोपण किया। इस मौके नपं अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने कहा कि पौधारोपण का उद्देश्य ना केवल जन्मदिन को यादगार बनाना था, बल्कि प्रकृति के प्रति दायित्व का निर्वहन भी था। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल एक उत्सव थी, बल्कि एक जागरूक प्रयास भी है, जो आने वाली पीढ़ियों को हरा-भरा और सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में प्रेरणादायक कदम कहा जा सकता है। जन्मदिन पर एक पौधा लगाना हमारे समाज और पर्यावरण दोनों के लिए एक सकारात्मक संदेश है। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, पार्षद नरेंद्र गौर, पूर्व उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल एवं कर्मचारी गण एवं उपस्थित रहे।



# विकासखंड स्तरीय शिक्षकों का धरना प्रदर्शन एक जुलाई को


**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया और अन्य मांगों को लेकर 1 जुलाई को प्रदेश के 146 विकास खंडों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, रैली और ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस विकास खंड स्तरीय धरना प्रदर्शन में सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं सहित समस्त प्रकार के प्रशासनिक अधिकारी–कर्मचारियों जैसे जिला परियोजना अधिकारी, समन्वयक, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रेत समन्वयक, प्रभारी प्राचार्य की भी शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सभी विकास खंडों में बैठक आयोजित कर रणनीति तैयार की गई है।

जिला कोण्डागांव शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक ऋषिदेव सिंह, कौशल कुमार नेताम, शंकर नेताम, रमेश चंद्र सोनवंशी और पवन साहू के निर्देशानुसार जिले के विकास खंड कोण्डागांव, केशकाल एवं बड़ेराजपुर में बैठक



आयोजित कर संकुल समन्वयक के समन्वय से व्यापक रणनीति तैयार की गई। कोंडागांव विकासखंड में शिवराज ठाकुर, यशवंत देवांगन, पवन साहू, ऋषिदेव सिंह, नरेश ठाकुर, मन्नाराम नेताम, मदन राठौर, सुकमन नेताम, राजूराम दीवान, लिखेश्वर पाण्डेय, मनोज ठाकुर, कपूरचंद देवांगन के नेतृत्व में बैठकें आयोजित हुईं। बड़ेराजपुर में डूमनलाल मरकाम, सुभाऊ नेताम, मानसाय मरकाम और केशकाल में राम सिंह मरावी, अमित मंडावी, देवेंद्र कुपाल के नेतृत्व में बैठकें हुईं। इसी क्रम में कल, 27 जून 2025 को फरसगांव में सुकूराम नेताम, महेंद्र पटेल, मिठू राम मांझी एवं महेंद्र कश्यप के नेतृत्व में बीआरसी भवन में बैठक आयोजित कर रणनीति तैयार की जाएगी। माकड़ी विकासखंड में शिक्षक साझा मंच की बैठक में रमेश प्रधान, जयलाल पोयाम, महेंद्र नेताम एवं अमिताभ मिश्रा के नेतृत्व में रणनीति तैयार की गई है। उक्त रणनीति के तहत कोंडागांव जिले के सभी संकुल केंद्रों के आधार पर संकुल समन्वयक एवं संकुल प्रभारी द्वारा संकुलवार शिक्षकों की उपस्थिति लेकर व्यापक ढंग से स्कूल में तालाबंदी करने और जो शिक्षक आंदोलन में शामिल नहीं होंगे, उन्हें चिह्नित कर उनके संदर्भ में अलग से रणनीति तैयार की जाएगी।

# नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी के खिलाफ लगा विधिक साक्षरता शिविर




**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव द्वारा विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन 26 जून को किया गया।

यह विधिक साक्षरता शिविर जिला शासकीय औद्यानिकी, कोपाबेड़ा में संपन्न हुआ, जिसमें योजना 2025 के अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस को मनाया गया। शिविर का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं सचिव सुश्री गायत्री साय के नेतृत्व में किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को नशीली दवाओं के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा एक नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। सचिव सुश्री गायत्री साय ने कहा कि नशीली दवाओं का सेवन केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। यह अपराधों में वृद्धि का कारण बनता है। हमें मिलकर समाज को नशामुक्त बनाना होगा। शिविर में उपस्थित लोगों को एनडीपीएस एक्ट तथा उससे संबंधित कानूनी प्रावधानों, सजा, जुर्माना आदि की जानकारी दी गई। साथ ही नशे से बचने के उपाय भी विस्तार से बताए गए।

# रांधना बड़बत्तर की जामपारा की जर्जर पुलिया दे रही हादसे को आमंत्रण

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़बत्तर में स्थित जामपारा पुलिया की जर्जर हालत अब जानलेवा बनती जा रही है। रोजाना सैकड़ों ग्रामीण व स्कूली बच्चे इस मार्ग से आवाजाही करते हैं, लेकिन पुलिया पर न कोई बैरिकेडिंग है, न ही कोई चेतावनी संकेतक।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में यह पुलिया पूरी तरह खतरनाक हो जाती है। पिछले एक साल से इसकी हालत खराब है, लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन आज तक संबंधित विभाग ने निरीक्षण तक नहीं किया। ऐसी स्थिति में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। यह मार्ग विश्रामपुरी–बड़बत्तर–केशकाल–माकड़ी को जोड़ता है। इस सड़क से कुल्दाडिही, पीढ़ापाल, तितरखंड, गम्हरी, पिटीसपाल, हरवेल, धामनपुरी, किबड़ा जैसे दर्जनों गांवों के लोग आवागमन करते हैं। शनिवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में इस पुलिया से होकर



दोपहिया से लेकर चौपहिया वाहन भारी संख्या में गुजरते हैं। क्षतिग्रस्त पुलिया से वाहन चालकों को हर समय जान जोखिम में डालनी पड़ती है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि अब सब्र का बांध टूट रहा है। यदि जल्द ही पुलिया की मरम्मत नहीं की गई तो वे जिला प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि जामपारा पुलिया की मरम्मत को प्राथमिकता में लिया जाए और तत्काल प्रभाव से सुरक्षा इंतज़ाम किए जाएं ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे।

## पेज 11 के शेष

### तेलंगाना के कोठागुडेम से...

138.51 किलोमीटर हिस्सा छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों सुकमा,दंतेवाड़ा और बीजापुर से होकर गुजरेगा। इस परियोजना से इन जिलों में रेल कनेक्टिविटी स्थापित होगी और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

**जगरगुंडा, किस्तारम,डब्बामरका से होकर गुजरेगी :** कोत्तागुड़ेम से रेललाइन को किस्टारम, डब्बामरका,टोंडामरका, धर्मपिंटा होते हुए जगरगुंडा से किरंदुल को जोड़ने की योजना पर काम किया जा रहा है। हालांकि अभी सर्वे टीम ने सर्वेक्षण की शुरूआत की है।

**जनजाति कॉरीडोर तैयार होगा तीन प्रांत से कनेक्टिविटी :** केंद्र सरकार के गम्भीर प्रयास से खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का बस्तर पर पूरा फोकस है। हमारे द्वारा बस्तर में खासकर दक्षिण बस्तर में जो आज तक रेल कनेक्टिविटी से अछूते है,ऐसे क्षेत्रों में रेल लाइन जनजातीय कॉरीडोर तैयार करने की दिशा में तेजी से कार्य चल रहा है। भविष्य में छत्तीसगढ़ को तीन राज्य से जोड़ेंगे। इनमे तेलंगाना, महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश सम्मलित है। कोठागुडेम-किरंदुल नई रेल का सर्वे दक्षिण बस्तर में रेल निर्माण होने से विकास कार्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। एक अन्य नई रेल लाइन किरन्दुल से गढ़चिरौली के बीच भी सर्वे कार्य किया जा रहा है। **महेश कश्यप,सांसद बस्तर**

### भक्तों को दर्शन देने ...

द्वारपाल पूजा कर भगवान को भोग-प्रसाद लगाया गया। इसके उपरांत नंदिघोष रथ में भगवान जगन्नाथ, तालध्वज रथ में भगवान बलभद्र और देवदलन रथ में माता सुभद्रा को रथारूढ़ किया गया। इन तीनों रथ में 24 अलग-अलग विग्रहों को हरि बोल जयघोष के साथ पंडितों ने रथारूढ़ किया। इस दौरान निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, एमआईसी सदस्यों व पार्षदों के अलावा कलेक्टर हरीश एस, एसपी शलभ कुमार सिन्हा व अन्य अधिकारी शामिल हुए।

### वनभूमि पर कब्जा ...

एवं मैदानी कर्मचारी लगातार वन भूमि में सर्चिंग की जा रही है, इससे वन भूमि के अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। आरोपियों को भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 की सुसंगत धाराओं के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया जा रहा है।

**अतिक्रमण हटाया जा रहा :** वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन से वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा एवं वन मण्डलाधिकारी के निर्देश पर एसडीओ के नेतृत्व में परिक्षेत्र अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा अतिक्रमणकारियों को समझाइश देकर अतिक्रमण हटाया जा रहा है। उसके बाद भी आरोपियों के ध्यान नहीं देने पर जुताई कर रहे ट्रैक्टर, नागर आदि जप्त कर आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

### पीड़ित परिवार के सदस्य...

दल को आगे बताया कि महेश कुडियम प्राथमिक शाला इरपागुट्टा में रसोइया के पद पर वर्ष 2023 से कार्यरत था। उसका यूनियन बैंक भोपालपटनम में बैंक खाता है जिसमे उसे सरकार द्वारा प्रति माह मानदेय दिया जाता है। उसका अपना आधार कार्ड है, उसकी पत्नी का राशन कार्ड है, उसके सात छोटे छोटे बच्चे हैं। जिनमे से दो स्कूल में पढ़ाई भी कर रहे है तो वह नक्सली कैसे हो सकता है ?

**आदिवासियों की षड्यंत्रपूर्वक हत्याएं करवा रही है सरकार :** वहीं जिला मुख्यालय बीजापुर में जांच दल ने प्रेसवार्ता कर कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार बस्तर के आदिवासियों का षड्यंत्र पूर्वक हत्याएं करवा रही है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस पार्टी के जांच दल ने सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि एक सरकारी स्कूल में कार्यरत रसोइया एक लाख का इनामी नक्सली कैसे हो सकता है? उसके बैंक खाते में सरकार पैसे क्यों दे रही थी? सरकार ने इस घटना को अब तक छुपाया क्यों? भारतीय जनता पार्टी बताए कि क्या वे महेश कुडियम को नक्सली मानती हैं या नहीं मानती इसे स्पष्ट करें?

### 1.15 करोड़ की ठगी, मास्टर...

अलावा सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल व डीएसपी सायबर गीतिका साहू मौजूद थी।

**कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका :** मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी निरीक्षक गौरव तिवारी, शिवानंद सिंह, दिलबाग सिंह, लीलाधर राठौर, एएसआई अजीत सिंह, प्रधान आरक्षक उमेश चंदेल, पवन श्रीवास्तव, आरक्षक भूपेन्द्र नेताम, गौतम सिन्हा, युवराज सिंह ठाकुर, धर्मेन्द्र ठाकुर, मुकुंदराम भण्डारी, रविकुमार बघेल, कृष्णकुमार सावडे व महिला आरक्षक राधिका नेताम की अहम भूमिका रही।

**खाता खोलने व धन निकालने करते थे हवाई यात्रा :** एसपी ने बताया कि आरोपी अब्दुल मजीद कार्तिकेय रॉय और संतोष कुमार सायबर अपराध में खाता खोलने और धन निकालने के लिये हवाई यात्रा किया करते थे। आरोपियों से 7 मोबाइल के अलावा 7 सिम, कई एटीएम, डेबिट व क्रेडिट कार्ड, पेन कार्ड, आधार कार्ड, चेक बुक, नगद 26 हजार 8 सौ रूपए, बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट स्कैनर , एटीएम स्वेप मशीन व पासबुक बरामद किया गया है।

**PUBLIC NOTICE**

Know all men be notice that I **Baby** Daughter of Luko residing at H.N. 23, Ward No. 2, Rampur Udiya Camp Kirandul, Post Kirandul, Distt. Dantewada C.G. 494556 have changed my name and shall hereafter be known as **Aradhna Kashyap** for all purposes

**Baby**
**R/o Ward No. 2**
**Kirandul, Post Kirandul**
**Distt. Dantewada C.G. 494556**

**समक्षः-श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी गीदम जिला द.ब. दंतेवाड़ा छ.ग.**

**-: शपथ पत्र :-**

मैं जगबन्धु यादव पिता झिक्रम, आयु 35 वर्ष, निवासी झिक्रमपारा छोटे तुमनार, पोस्ट छोटे तुमनार, तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा छ.ग. पिन नं. 494441 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन व्यक्त करता हूँ कि :-

1. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या 5830 0547 2049 में पुत्र का नाम रेखा पिता जगबंडू यादव (**REKHA YADAV D/O JAGBANDU YADAV**) तथा जन्मतिथि 01/01/2011 है जो कि गलत एवं त्रुटिपूर्ण है।
2. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम चित्ररेखा यादव पिता जगबंधु यादव (**CHITRAREKHA YADAV D/O JAGBANDHU YADAV**) है तथा सही जन्मतिथि 10/02/2010 जो सत्य एवं सही है एवं मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज नाम से प्रमाणित है।
3. यह कि मेरे पुत्र के उक्त आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम रेखा पिता जगबंडू यादव (**REKHA YADAV D/O JAGBANDU YADAV**) तथा जन्मतिथि 01/01/2011 के स्थान पर वास्तविक एवं सही नाम चित्ररेखा यादव पिता जगबंधु यादव (**CHITRAREKHA YADAV D/O JAGBANDHU YADAV**) है तथा सही जन्मतिथि 10/02/2010 सुधार कर अंकित किया जावे।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र में मेरी पुत्री चित्ररेखा यादव पिता जगबंधु यादव का नाम आधार कार्ड में सुधार करवाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**सत्यापन** **शपथकर्ता**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एवं विश्वास से सत्य एवं सही है सत्यापन आज दिनांक 19.06.2025 को स्थान गीदम में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**जगबन्धु**
**शपथकर्ता**

**समक्षः-श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी गीदम जिला द.ब. दंतेवाड़ा छ.ग.**

**-: शपथ पत्र :-**

मैं जगबन्धु यादव पिता झिक्रम, आयु 35 वर्ष, निवासी झिक्रमपारा छोटे तुमनार, पोस्ट छोटे तुमनार, तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा छ.ग. पिन नं. 494441 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन व्यक्त करता हूँ कि :-

1. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या 5830 0547 2049 में पुत्र का नाम आनंद पिता जगबन्दू (**AANAND S/O JAGBANDU**) तथा जन्मतिथि 26 / 01 / 2016 है जो कि गलत एवं त्रुटिपूर्ण है ।
2. यह कि मेरे एवं मेरे पुत्र का वास्तविक व सही नाम आयुश पिता जगबंधु (**AYUSH S/O JAGBANDHU**) है तथा सही जन्मतिथि 27/01/2016 जो सत्य एवं सही है एवं मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज नाम से प्रमाणित है ।
3. यह कि मेरे पुत्र के उक्त आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम आनंद पिता जगबन्दू (**AANAND S/O JAGBANDU**) तथा जन्मतिथि 26/01/2016 के स्थान पर वास्तविक एवं सही नाम आयुश पिता जगबंधु (**AYUSH S/O JAGBANDHU**) है तथा सही जन्मतिथि 27/01/2016 सुधार कर अंकित किया जावे ।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र में मेरे पुत्र आयुश पिता जगबंधु का नाम आधार कार्ड में सुधार करवाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ ।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एवं विश्वास से सत्य एवं सही है सत्यापन आज दिनांक 19.06.2025 को स्थान गीदम में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**जगबन्धु**
**शपथकर्ता**

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी गीदम जिला द.ब. दन्तेवाड़ा छ.ग.**

**// शपथ पत्र //**

मैं सुखराम भास्कर पिता लखमा भास्कर, आयु 38 वर्ष, निवासी दोक्कापारा छोटे तुमनार, तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा छ.ग. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन व्यक्त करता हूँ कि :-

1. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या 6507 1038 4199 में पुत्र का नाम खगेश पिता शुखराम (KHAGESH S/O SHUKHRAM) एवं जन्मतिथि 21/10/2015 है जो कि गलत एवं त्रुटिपूर्ण है ।
2. यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक व सही नाम महेन्द्र पिता सुखराम भास्कर (MAHENDRA_S/O SUKHRAM BHASKAR) व सही जन्मतिथि 21/01/2015 जो सत्य एवं सही है एवं मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज नाम से प्रमाणित है ।
3. यह कि मेरे पुत्र के उक्त आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम खगेश पिता शुखराम (KHAGESH S/O SHUKHRAM) एवं गलत जन्मतिथि 21/10/2015 स्थान पर वास्तविक एवं सही नाम महेन्द्र पिता सुखराम भास्कर (MAHENDRA S/O SUKHRAM BHASKAR) व सही जन्मतिथि 21/01/2015 सुधार कर अंकित किया जावे ।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र में मेरे पुत्र महेन्द्र पिता सुखराम भास्कर का नाम आधार कार्ड में सुधार करवाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ ।

**//सत्यापन//**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एवं विश्वास से सत्य एवं सही है सत्यापन आज दिनांक 19/06/2025 को स्थान बड़े बचेली में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया ।

**शपथकर्ता**
**सुखराम भास्कर**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 436/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तुलसी पिता स्व. बैशाखू जाति भतरा ग्राम तोंगकोगेरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व. बैशाखू निवासी ग्राम तोंगकोगेरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. बैशाखू ग्राम तोंगकोगेरा का दिनांक 20/06/2009 को मृत्यु हुई है। आवेदक तुलसी पिता स्व. बैशाखू जाति भतरा ग्राम तोंगकोगेरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. बैशाखू मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 30/06/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 16/06/2025 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर**

## खबर संक्षेप

### संकीर्तन यात्रा में भक्तिमय हुआ नगर



**किरंदुल।** लौह नगरी किरंदुल में रथ यात्रा पूर्व भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत उत्सव देखने को मिला। इस्कॉन प्रचार केंद्र जगदलपुर के इस्कॉन परिवार के द्वारा दो दिवसीय हरिनाम संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर की हर गली, हर मोहल्ले में भगवान के नाम का मधुर संकीर्तन गूंज उठा। भक्तों की टोली ढोल-मंजीरे और करताल की मधुर ध्वनि के साथ लक्ष्मणपुर कैंप, बंगाली कैंप, गजराज कैंप, मेन मार्केट, एनएमडीसी क्षेत्र, रेलवे कॉलोनी के घर-घर जाकर भजन, कीर्तन और भगवान के नाम का प्रचार करती रही। पूरा नगर भक्तिरस में डूबा नजर आया। लोगों ने अपने घरों के सामने दीप जलाकर और पुष्प वर्षा कर इस संकीर्तन यात्रा का स्वागत किया।

### जिपं में हुआ जैविक सुगंधित बीज वितरण



**दंतेवाड़ा।** कृषि विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने एवं किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से जैविक सुगंधित बीज उत्पादन कार्यक्रम अंतर्गत बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन आज जिला पंचायत सभागार में किया गया। इसका उद्देश्य जैविक खेती को बढ़ावा, सुगंधित धान की पारंपरिक किस्मों (जैसे जावाफूल, नीमफुल, लोकटीमाछी आदि) के उत्पादन को प्रोत्साहन, किसानों को जैविक बीज एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है।
कार्यक्रम में कुल 100 किसानों को जैविक सुगंधित धान के बीज वितरण के साथ-साथ उन्हें जैविक बीज उत्पादन की तकनीकी जानकारी भी दी गई।

### कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण



**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को विकासखण्ड सुकमा के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला देवकुपली, प्राथमिक शाला बुड़दी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर झापरा तथा स्वास्थ्य केंद्र बुड़दी का निरीक्षण किया।
कलेक्टर ने प्राथमिक शाला देवकुपली के निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को कहा कि स्कूल खुल चुके हैं, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।
साथ ही वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए स्कूल भवन के मरम्मत कार्य शीघ्र कराने और स्वच्छता के लिए शौचालयों को नियमित उपयोग में लाए जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## नन्हें बच्चों में दिखा तुपकी का असर...







**जगदलपुर।** बस्तर अपनी संस्कृति और परंपरा के लिए देश दुनिया में लोकप्रिय है। पर्व की बात करें तो दशहरा और गोंचा अलग तरह के कारण अपनी विशेष पहचान बनाये हुए हैं। दशहरा पर्व 75 दिनों तक मनाये जाने वाला पर्व है इसलिए विश्व विख्यात हैं। वही बस्तर का गोंचा पर्व का सीधा जुड़ाव जगन्नाथ पुरी से है। रियासत काल में ओड़िसा से लाए गए ब्राम्हण समाज के लोगों की अगुवाई में बस्तर का गोंचा पर्व मनाया जाता है। लेकिन पूरे देश में अलग पहचान इसलिए है क्योंकि यहां तुपकी का चलन है। बांस से बनी तुपकी में पेंग डालकर दागी जाती है। आज रथ यात्रा की सुबह पूरे शहर में जगह जगह गांव गांव से पहुंचे आदिवासी सड़क किनारे बैठकर तुपकी और पेंग बीज बेचते नजर आए। कोतवाली थाना के सामने जमावाड़ा गांव से पहुंची महिला फुलो नाग अपने बेटे राजेश के साथ तुपकी बेच रही थी। नकटी सेमरा गांव का रघुनाथ अपने बेटे गिरिश के साथ तुपकी खरीद रहा था। 50 रूपये में तुपकी और 10 रूपये में एक गुच्छा पेंगु बिक रहा था। वहीं मारकेल से सब्जी बेचने रोज आने वाली महिला कुमबती अपने नाती आठवी में पढ़ने वाला के लिए 100 रूपये का तुपकी और पेंगु लेके जाने की बात कही। इस तरह आज भगवान जगन्नाथ के रथयात्रा पर्व में बच्चों में तुपकी का असर जमकर देखा गया।

### शाला प्रवेश उत्सव सह न्योता भोज का हुआ आयोजन

# शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है : अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम विकासखंड में 27 जून को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव सह न्योता भोज का गरिमामय आयोजन किया गया। यह आयोजन कन्या माध्यमिक शाला गीदम के परिसर में बड़े उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

■ विधायक अटामी व जिलाध्यक्ष गुप्ता हुए शामिल

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष शकुंतला भास्कर ने की। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पालकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं नगरवासी, ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ पारंपरिक स्वागत

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुई। इसके बाद नवप्रवेशी बच्चों का तिलक, पुष्प वर्षा एवं मिठाई खिलाकर उत्सवपूर्वक स्वागत किया गया। उन्हें स्कूल बैग, किताबें, स्टेशनरी, कंपास बॉक्स, जैसी आवश्यक शैक्षणिक सामग्री भी भेंट की गई। इस दौरान विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और यह उत्सव केवल स्कूल में प्रवेश का नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत का प्रतीक है। शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से हम समाज को यह संदेश दे रहे हैं कि हर बच्चा स्कूल जाए और पढ़-लिखकर देश के निर्माण में भागीदार बने। उन्होंने बालिका शिक्षा, स्थानीय भाषा में शिक्षण तथा आदिवासी अंचल में शिक्षा की पहुंच बढ़ाने की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। उल्लास साक्षरता शपथ ने बढ़ाया जोश इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से उल्लास साक्षरता शपथ ली। शपथ में यह संकल्प लिया गया कि वे न केवल स्वयं साक्षर बनेंगे, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी साक्षर बनाने में योगदान देंगे। इस पहल का उद्देश्य शत-प्रतिशत साक्षरता की दिशा में सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना है।

### न्योता भोज में दिखा सामाजिक समरसता का उदाहरण

कार्यक्रम के पश्चात संतोष गुप्ता भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा के द्वारा सामूहिक न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, पालक और बच्चे एक साथ पंगत में बैठकर भोजन किए। इस भोज ने सामाजिक समरसता, समावेश और आपसी सहयोग का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष भाजपा संतोष गुप्ता, जनपद अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, मनीष सुराना पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत, रजनीश सुराना अध्यक्ष नगर पंचायत गीदम, ममता गुप्ता जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, नवीन विश्वकर्मा सांसद प्रतिनिधि, बैशुराम मंडावी, पुतान सिंह कुशवाहा, जिला राम, अनिल जार्ज, श्याम सिंह, राजेश कश्यप, सूरज सिंह, कृष्णा नाग, अनीस जार्ज, आदर्श ओसवाल, जिला पंचायत सीईओ, जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी गीदम, बीआरसी गीदम सभी संकुल प्राचार्य व संकुल समन्वयक एवं शिक्षक मौजूद थे।

## दो सालों से अटैच था दिव्यांग शिक्षक शिक्षा समिति की बैठक में उठा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



दरभा जनपद पंचायत के शिक्षा समिति की बैठक गुरुवार को सभापति हरिप्रसाद पीडी के सभापतित्व में आहूत हुई। जहां युक्तियुक्तकरण के पश्चात की शालाएं परिस्थितियों पर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र, बीआरसी, मंडल संयोजक, एबीओ एवं शैक्षणिक समन्यवयको ने स्कूलवार शिक्षकों की स्थिति दर्ज संख्या और अभी तक युक्तियुक्तकरण से आये हुए नए शिक्षकों की जानकारी दी। इस दौरान दिव्यांग शिक्षक बलराम रत्नाकर का संलग्नीकरण का मामला भी उठा।

जिसे दिव्यांग होने के बावूजूद अपने मूल संस्था प्राथमिक शाला नेगानार से चार किलोमीटर दूर प्राथमिक शाला पांडेगुडा में दो वर्षो से अटैच कर रखा गया था। जिससे उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। दिव्यांग होने के कारण आने जाने घर संभालने को लेकर उसमे काफी मायूसी दिख रही थी। जब शिक्षा समिति की बैठक में यह विषय आया तो तत्काल प्रभाव से इसे मूल संस्था प्राथमिक शाला नेगानार वापस किया गया। बैठक में मुलरूप से युक्तियुक्तकरण पर विचार किया गया। जहां जनप्रतिनिधियों को यह बताने का प्रयास किया गया की किस तरह से अतिशेष शिक्षकों का निर्धारण किया गया है और स्कूलों का मर्जीग हुआ है। जनप्रतिनिधियों ने विशेषकर माध्यमिक शालाओं के विषय निर्धारण को लेकर प्रश्न उठाया क्योंकि कुछ स्कूलों में एक ही विषय के कई शिक्षक है। तो विषयों का चक्रानुक्रम गणना पर सहमति नहीं दिखा। साथ ही यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया की माध्यमिक शालाओं में पदस्थ शिक्षक किन किन विषयों में स्नातक है। शिक्षा समिति ने बैठक में विषय निर्धारण की और स्पष्ट जानकरी की मांग की है।

## ओबीसी महासभा ने 23 सूत्रीय मांगों पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



ओबीसी महासभा बस्तर जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल 27 जून को 23 बिंदुओं में समाहित अपनी महत्वपूर्ण मांगों को लेकर बस्तर तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन प्रधानमंत्री भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, राज्यपाल छत्तीसगढ़, गृह मंत्री, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम पर तहसीलदार सौपा गया। ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई से प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम साहू के निर्देशानुसार संभाग अध्यक्ष ओबीसी दिनेश यदु के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ संभाग अध्यक्ष चंपा ठाकुर, संभाग उपाध्यक्ष तुलसीराम ठाकुर, जिला अध्यक्ष मुन्नालाल यादव सहित ओबीसी महासभा के अनेक पदाधिकारी, सदस्यगण एवं ग्रामीण क्षेत्र के ओबीसी वर्ग के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित में 23 बिन्दुओं पर मुख्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया। इनके मुख्य मांग ओबीसी जातिगत जनगणना को सार्वजनिक किया जाए और नीति निर्माण में उपयोग किया जाए, ओबीसी वर्ग के लिए सरकारी योजनाओं में आरक्षण सुनिश्चित हो। 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा समाप्त की जाए और संवैधानिक संशोधन कर ओबीसी को न्याय मिल सके, सभी विभागों में ओबीसी वर्ग का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाए। शिक्षा और नौकरियों में बैकलॉग की भर्ती तत्काल हो। ओबीसी छात्रों को विशेष छात्रवृत्ति योजनाएं और उच्च शिक्षा में आरक्षण दिया जाए। ओबीसी वर्ग को 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण मिले संवैधानिक संशोधन हो, ओबीसी आयोग को अधिकृत शक्तियाँ दी जाएं, पंचायत से लेकर राज्य तक प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाए, सभी सरकारी सेवाओं, मिड डे मील और शिक्षा में स्थानीय ओबीसी नियुक्तियाँ हों, जातिगत जनगणना सार्वजनिक किया जाए। इन मांगों को लेकर ज्ञापन जिला स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों (तहसीलदार) के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक अधिकारों एवं उनकी उपेक्षा के विरुद्ध ठोस कदम उठाने की मांग की गई है। इस दौरान ओबीसी महासभा का पारंपरिक लोकगीत भी प्रस्तुत किया गया, जो वर्गीय एकता और अधिकारों की आवाज को रेखांकित करता है। ज्ञापन सौंपने के समय उपस्थित प्रमुख पदाधिकारियों में बस्तर ब्लॉक सचिव किरण सेठिया, योगेश्वरी साहू, विक्रम ठाकुर, नंदलाल ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, लवदीप पटेल सहित अन्य ओबीसी वर्ग के सदस्य उपस्थित रहे।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## न्यूरो सर्जन डॉ. चन्द्रमुकेश धावड़े ओम हास्पिटल में

**बिजनेस साइट**

**जगदलपुर।** प्रदेश के प्रसिद्ध मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ. चन्द्रमुकेश धावड़े आज हाता ग्राउंड के सामने स्थित ओम हास्पिटल में उपलब्ध रहेंगे। डॉ. धावड़े प्रतिमाह दूसरे एवं चौथे शनिवार को न्यूरो पेशेंट के उपचारार्थ जगदलपुर प्रवास पर रहते हैं। वें एमबीबीएम, एमएस, एमसीएच (न्यूरो सर्जन) जीपमर एवं एक्स कनसलटेंट एसएनएचआरसी वेल्लूर है। उनके द्वारा सर का बड़ा होना, शंट सर्जरी, सर की चोट, असामान्य सर दर्द



चक्कर आना, माइग्रेन एवं मिर्गी, नसों का दबना, स्ट्रोक लकवा जैसे रोगों का इलाज किया जाता है। गौरतलब है कि शहर में स्थित ओम हास्पिटल में एडवांस ट्रामा सेंटर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण, चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी, स्टेट ऑफ आर्ट बर्न यूनिट, मैक्सिलोफेशियल सर्जरी, कैंसर रोग विभाग, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, मेडिसिन विभाग ,गहन चिकित्सा विभाग, पेट, लिवर एवं पैन्क्रियास रोग, पेट से संबंधित सभी बिमारियों का ईलाज, शिशु रोग, नवजात गहन चिकित्सा विभाग, स्त्री एवं प्रसूति विभाग, नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी, बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज जैसी सुविधाएं मरिजों को मिल रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 जुलाई, 14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता
ओम हॉस्पिटल
प्रतापदेव वार्ड नं.-11, हाता ग्राउंड के सामने, जगदलपुर
संपर्क- 91317 53200, 84359 08123
प्रदेश के प्रसिद्ध मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रमुकेश धावड़े
MBBS. MS, MCH (Neuro Surgeon) JIPMER
EX Consultant SNHRC Vellore
मस्तिष्क एवं स्पाइन विशेषज्ञ
28 जून 2025 शनिवार, को उपलब्ध रहेंगे
समय :- सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक
उपलब्ध इलाज:-
- सर का बड़ा होना
- शंट सर्जरी
- सर की चोट
- असामान्य सर दर्द
- चक्कर आना
- माइग्रेन एवं मिर्गी
- नसों का दबना
- स्ट्रोक लकवा
नोट
माह के दूसरे और चौथे शनिवार को उपलब्ध रहेंगे
आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता
उपलब्ध सुविधाएं
- एडवांस ट्रामा सेंटर
- हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण
- चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी
- स्टेट ऑफ आर्ट बर्न यूनिट
- मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
- कैंसर रोग विभाग
- मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग
- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- मेडिसिन विभाग
- गहन चिकित्सा विभाग
- पेट, लिवर एवं पैन्क्रियास रोग
- पेट से संबंधित सभी बिमारियों का ईलाज
24x7 आपातकालिन सुविधा
24x7 वेन्टी एम्बुलेंस सुविधा
मरीजों को निः शुल्क भोजन
- शिशु रोग
- नवजात गहन चिकित्सा विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी
- बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज
- अत्याधुनिक के साथ ऑपरेशन थियेटर
- इन हाऊस मेडिकल स्टोर्स
- एडवांस पैथालॉजी यूनिट
- डिजीटल एक्स-रे
- ईसीजी
- बी.पी. शुगर का ईलाज
राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड से ईलाज की सुविधा
छत्तीसगढ़ एवं ओड़िसा
इंश्योरेंस एवं टी.पी.ए से कैशलेस ईलाज